Process Safety Beacon
उत्पादन क्षेत्र से जुडे व्यक्तियो के लिये संदेश
www.aiche.org/ccps/process-safety-beacon

An AIChE Technology Alliance
CCPS
Center for Chemical Process Safety
aiche.org/ccps

इस अंक के प्रायोजक है
ioMosaic®
Minimizing risk. Maximizing potential.®
www.iomosaic.com

20वी शुभ वर्षगांठ – प्रोसेस सुरक्षा बिकॉन

नवम्बर 2021

नवम्बर 2001

नवम्बर 2021

नवम्बर 2011

चित्र 1 : 20 साल के दौरान प्रोसेस सुरक्षा बिकॉन

20 वर्ष पूर्व, सी सी पी एस (CCPS) सदस्यो के समूह के प्रतिनिधियो ने एक सभा की और उन को इस बात का आभास हुआ कि प्रोसेस सुरक्षा विषयो पर कुछ नया करना जरूरी है I इस नये साधन का उपयोग अग्रिम पंक्ति के लिये था , जिनमें मुख्यता : प्रचालन और अनुरक्षण विभागो के कर्मी सम्मिलित थे I इस का परिणाम सी सी पी एस प्रोसेस सुरक्षा बिकॉन के रूप में पदार्पन हुआ I नवम्बर 2001 में प्रथम प्रकाशन पाठ्य दस्तावेज के रूप में हुआ, उस के पश्चात एक मासिक के रूप में हो रहा है और अब यह 30, 000 सदस्यो को ई मेल के जरिये भेजा रहा है I इस को पढने वालो की संख्या कुछ सैंकडो से बढ कर अब लगभग 10 लाख पाठको तक हो चुकी है I

बिकॉन का उद्देश्य सभी अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियो को प्रोसेस सुरक्षा संदेश देना है,जो कि सांझा किया जा सकता है, बुलेटिन बोर्ड पर चिपकाया जा सकता है, उपकरण (औजार पेटी) सभाओ में प्रयोग किया जा सकता है और प्रोसेस सुरक्षा विषयो पर लोगो को स्मरण कराने के लिये सुरक्षा क्षणो के लिये भी प्रयोग किया जा सकता है I

20 वर्ष के इतिहास के बाद, 200 से अधिक बिकॉन प्रकाशित किये जा चुके है ; आप उन्हे प्रोसेस सुरक्षा बिकॉन संग्रह पर भी देख और पढ सकते है I
https://www.aiche.org/ccps/resources/process-safety-beacon/archives

क्या आप जानते है ?

- प्रोसेस सुरक्षा बिकॉन सबसे अधिक पढे जाने वाला AIChE का प्रकाश्न है I पूरे विश्व में लगभग एक मिलियन (10 लाख) लोग बिकॉन को पढते है I
- बिकॉन हर महीने एक समिति द्वारा लिखा जाता है , जो यह सुनिश्चित करने के लिये कि यह पूर्णतया: सही है , पूरी सामग्री का अवलोकन करती है और यह पाठको के लिये लाभदायक है I हमारे सभी की तरफ से उनके 20 वर्षो के अथक प्रयासो के लिये समिति को बहुत बडा धन्यवाद I
- यह बिकॉन 40 भाषाओ में उपलब्ध है I इस के लिये सभी अनुवादको जो इस के लिये समय निकालकर इसे सही रूप देते है; उन सभी को बहुत बहुत धन्यवाद और स्वागत I
- *यह बिकॉन सभी के लिये दर मुक्त (मुफत) प्रदान किया जाता है , इस के सदस्य बनने के लिये , निम्न लिंक का अनुसरण करे* *https://aiche.informz.net/AICHE/pages/Beacon_Subscribe_Page*
- बिकॉन की नकल करना और उस को सभी से सांझा करने को केवल अनुमति ही प्रदान नहीं की जाती , बल्कि इस को प्रोत्साहित किया जाता है I
- बिकॉन में वर्णित घटना का विवरण मुख्यता : उन कारणो पर केंद्रित करता है , जिन की वजह से वो दुर्घटना हुई है , परंतु इस के अतिरिक्त उस घटना के पीछे और भी कारण हो सकते है I

आप क्या कर सकते है ?

- आप अपनी टीम के सदस्यो के साथ बिकोन को सांझा करे और उन प्रमुख विचारो पर ध्यान दे , जो आप के कार्य क्षेत्र में लागू होते है I
- बिकॉन को पढे और आप अपने आप को कुछ प्रश्न पूछे , जैसे कि
  - क्या मेरे क्षेत्र में ऐसी घटना घट सकती है ?
  - क्या सुरक्षा प्रणालिया सही स्थिति है , जिन्हे घटना रोकने के लिये प्रदान किया गया है ?
  - क्या सुरक्षा कवच सही स्थिति है ?
- बिकॉन को पढते रखे और इस सांझा करते रहे I
- यदि आप के पास बिकॉन के कोई विषय पर सामग्री है , तो कृप्या आप यहाँ पर भेजे : ccps_beacon@aiche.org

बिकॉन – जो प्रोसेस सुरक्षा के बारे में 20 वर्ष से आप को अवगत करा रहा है !

©AIChE 2021. All rights reserved. Reproduction for non-commercial, educational purposes is encouraged. However, reproduction for any commercial purpose without express written consent of AIChE is strictly prohibited. Contact us at ccps_beacon@aiche.org or 646-495-1371.
Translated into Hindi by Vivek Ranjan Gupta, Bharat Petroleum Corporation Limited, Mumbai, Maharashtra, India